आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 17.03.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ साक्षात्कार में कहा – भारत तटस्थ नहीं, बल्कि वैश्विक शांति के लिए प्रतिबद्ध है।
- प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नैनीताल जिले के सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में बुनियादी ढांचे का निरीक्षण किया।
- श्री झंडे जी के नब्बे फीट ऊंचे ध्वजदंड को देहरादून में भव्य शोभायात्रा के साथ श्री दरबार साहिब लाया गया।

<u>पीएम पॉडकास्ट</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत शांति के बारे में जो भी बोलता है, दुनिया उसे सुनती है, क्योंकि भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है। श्री मोदी ने एआई शोधकर्ता और पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में कहा कि भारतीय सद्भाव में विश्वास करते हैं और शांति चाहते हैं। भारत और चीन के संबंधों पर श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के संबंध नए नहीं हैं बल्कि प्राचीन काल से सांस्कृतिक और सभ्यतागत रिश्ते रहे हैं।

पाकिस्तान से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में प्रधानमंत्री ने कहा कि विभाजन के बाद पाकिस्तान ने सद्भावपूर्ण सहअस्तित्व का चयन नहीं किया। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत बेहतरी के लिए लगातार पाकिस्तान से सरकार पोषित आतंकवाद का रास्ता छोडने का अनुरोध करता रहा है।

<u>इस्तीफा</u>

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान की गई उनकी एक टिप्पणी पर विपक्ष के कड़े विरोध और विभिन्न स्थानों पर आम जनता प्रदर्शन कर प्रेमचंद अग्रवाल से इस्तीफे की मांग कर रही थी, जिसके बाद कल शाम उन्होंने मंत्री पद छोड़ने की घोषणा की। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात की और मंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया। मुख्यमंत्री ने प्रेमचंद अग्रवाल का इस्तीफा आगे की कार्रवाई के लिए राज्यपाल को भेज दिया है।

इस्तीफा देने से पहले एक प्रेस वार्ता में श्री अग्रवाल ने कहा कि उनके बयानों को तोड़–मरोड़कर पेश किया गया और उनके खिलाफ माहौल बनाया गया।

रक्षा राज्य मंत्री भ्रमण

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ कल नैनीताल जिले के सैनिक स्कूल घोड़ाखाल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने संस्थान के बुनियादी ढांचे का निरीक्षण किया और कैडेटों व शिक्षकों से बातचीत कर उनके अनुभवों को जाना। यह दौरा न केवल स्कूल के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, बल्कि कैडेटों के लिए भी प्रेरणादायक साबित हुआ।

रक्षा राज्य मंत्री ने इस दौरान कैडेटों को सफलता के तीन मूल मंत्र– समर्पण, अनुशासन और भक्ति अपनाने की प्रेरणा दी और कहा कि ये गुण हर कुशल नेतृत्वकर्ता के लिए अनिवार्य हैं। उन्होंने कैडेटों से अपने माता–पिता, शिक्षकों और बड़ों का सम्मान करने का आग्रह किया और राष्ट्र सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सीख दी।

झंडा महोत्सव

श्री झंडे जी के नब्बे फीट ऊंचे ध्वजदंड को कल देहरादून में भव्य शोभायात्रा के साथ श्री दरबार साहिब लाया गया। इस पावन अवसर पर देश–विदेश से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।

शोभायात्रा टीएचडीसी चौक, श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल, लाल पुल चौक और सहारनपुर चौक से होकर गुजरी और पूरे मार्ग पर श्रद्धालु पुष्पवर्षा कर भक्ति भाव से श्री झंडे जी का स्वागत करते रहे।

गौरतलब है कि झंडा महोत्सव का विधिवत शुभारंभ 19 मार्च को होगा, जब श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज की अगुआई में 90 फीट ऊंचे श्री झंडे जी का आरोहण किया जाएगा। दरबार साहिब प्रबंधन के अनुसार, इस पावन अवसर का साक्षी बनने के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

आजीविका संवर्द्धन

टिहरी गढवाल ज़िले के चंबा विकासखंड के कौतिगाड़ गांव की महिलांए घर बैठे आय कमाकर आर्थिकी स्थित सुदृढ करने की बेहतरीन मिसाल पेश कर रही हैं। उत्साह आजीविका स्वयात्ता सहकारिता संघ की महिलाओं ने ग्रामोत्थान परियोजना के वित्त सहयोग से सेमी ऑटोमेटिक सैनेटरी पैड प्रोडक्शन यूनिट की स्थापना की है। इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को किफायती दरों सैनेटरी पैड उपलब्ध कराना और आजीविका संघ से जुड़ी महिलाओं की आय में वृद्धि करना है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा शुरू की गई ग्रामोत्थान परियोजना वर्ष 2024–25 का लाभ लेते हुये कौतिगाड की महिलाओं ने सैनेटरी पैड प्रोडक्शन यूनिट के लिये कल्स्टर लेवल फेडरेशन के माध्यम से रीप द्वारा छह लाख रुपए और बैंक द्वारा तीन लाख रुपए की धनराशि में स्वयं के अंशदान के एक लाख रुपए मिलाकर और यूनिट लगाकर उत्पादन में वृद्धि का लक्ष्य हासिल किया है। इससे जहां ग्रामीण महिलांए मैनुअल तरीके से प्रतिदिन तीस से चालीस सैनेटरी पैड तैयार कर पा रही थी, वहीं यह अब बढकर एक हजार पैड प्रतिदिन हो गई है। इससे संघ की महिलाओं की मासिक आय में भी वृद्धि हुई है।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के इस्तीफे की ख़बर सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। अमर उजाला लिखता है– क्षेत्रवाद के बयान पर घिरे मंत्री प्रेमचंद अग्रवाद का इस्तीफा, सीएम को सौंपा त्यागपत्र। वहीं, दैनिक जागरण लिखता है– जरूरी हो गया है अब मंत्रिमण्डल का विस्तार, फेरबदल भी संभव, प्रेमचंद के इस्तीफे से पांच मंत्री पद हो गये हैं रिक्त।

प्रदेश के एक हजार एक सौ चौबीस विद्यालयों में स्मार्ट कक्षांए स्थापित होंगी। अमर उजाला के अनुसार जल्द ही यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

चारधाम यात्रा का पंजीकरण इस बार आधार से होगा लिंक। इस शीर्षक के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है– आधार से जुड़ी औपचारिकता पूरी होते ही यात्रा के लिये पंजीकरण शुरू किये जांएगे।

ड्रंक एंड ड्राइव और रैश ड्राइविंग के खिलाफ देहरादून में पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र के अनुसार, पुलिस ने 41 लोगों की गिरफ्तारी की गई और 25 वाहनों को भी सीज किया गया।